**कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय**
काठाड़ीह, रायपुर पिन–492013 (छत्तीसगढ़)
दूरभाष : 0771 2969202 वेबसाइट : www.ktujm.ac.in

क्रमांक 1018/नामांकन/2026 रायपुर, दिनांक 18/09/2026

## //अधिसूचना//

शैक्षणिक सत्र जुलाई–दिसम्बर 2026–27 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त नियमित छात्र–छात्राओं के लिए नामांकन फार्म व शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

1. **बिना विलंब शुल्क – सोमवार दिनांक 21/09/2026 से 05/10/2026 तक**
2. **निर्धारित तिथि के बाद विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक 579/अका./12 रायपुर दिनांक 08/08/2012 के अनुसार नामांकन विलंब शुल्क लिया जायेगा ।**

आवेदन पत्र के साथ समस्त अंकसूचियाँ (सत्यापित), स्थानांतरण प्रमाण पत्र, प्रवजन (Migration Certificate) प्रमाण पत्र, शुल्क जमा करने की रसीद, गेप प्रमाण पत्र (यदि हो) पात्रता प्रमाण पत्र (छ.ग. राज्य के बाहर के विश्वविद्यालय/बोर्ड के छात्र/छात्राओं हेतु) स्टांप साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

**आवश्यक निर्देश :–**

प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त नियमित छात्र/छात्राओं से नामांकन पत्र भराया जाना है। नामांकन फार्म/नामांकन रिटर्न फार्म/पात्रता आवेदन फार्म विश्वविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त नामांकन फार्म/पात्रता आवेदन फार्म हेतु (15/– पंद्रह रूपये प्रति नामांकन फार्म/पात्रता आवेदन फार्म) शुल्क जमा कर प्राप्त करें।

1. नामांकन पत्र के साथ रंगीन स्टांप साईज फोटो, जन्म तिथि प्रमाण हेतु हाई स्कूल 10+2 पद्धति से उत्तीर्ण हायर सेकण्डरी तथा इसके बाद की समस्त परीक्षाओं की राजपत्रित अधिकारी/संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय अध्ययन शाला द्वारा सत्यापित अंक सूची संलग्न की जावें।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के बोर्ड/अन्य विश्वविद्यालय से आये हुए छात्र/छात्राओं से मूल प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) प्राप्त कर संलग्न किया जाए।
3. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर विश्वविद्यालय/बोर्ड के प्रत्येक विद्यार्थी को पात्रता प्रमाण पत्र तथा प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) प्रस्तुत करना होगा। राज्य से बाहर विश्वविद्यालय/बोर्ड से इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र हेतु 15 रू. पात्रता आवेदन पत्र शुल्क तथा 125 रू. पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क एवं 225 रू. सरचार्ज जमा करना अनिवार्य होगा तथा इन्हें अप्रवासन शुल्क (250 रू. मात्र) भी जमा करना होगा।

**क्रमशः पृष्ट क्र.02 पर......**

4. नामांकन आवेदन पत्र शुल्क 15 रू. एवं नामांकन शुल्क 150 रू. निर्धारित है।

5. कक्षावार आवेदन पत्रों की प्रविष्ठी एनरोलमेंट रिटर्न दो प्रतियों में भर कर तैयार की जाए। जिसमें से एक प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करें एवं एक प्रति कार्यालय अभिलेख हेतु सुरक्षित रखें।

6. समस्त प्रपत्र निर्धारित शुल्क सहित विश्वविद्यालय कार्यालय में यथा शीघ्र नगद/बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के पद नाम पर तैयार कर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किया जाए।

**नोट : नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में आवश्यक शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

(सुनील कुमार शर्मा)
कुलसचिव

पृ.क्र. 1019/नामांकन/2026

रायपुर, दिनांक 18/09/2026

प्रतिलिपि :

1. माननीय कुलपति के निज सहायक को कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय अध्ययनशालाऐं।
3. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय।
4. सहायक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड करने हेतु अग्रेषित।
6. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

कुलसचिव